संख्या- 143 /26-4-2025-10(विविध)/2020

प्रेषक

चन्द्र कुमार मिश्र,
अनु सचिव
उत्तर प्रदेश शासन।

सेवा में,

निदेशक,
छत्रपति शाहू जी महाराज शोध एवं प्रशिक्षण संस्थान,
उ0प्र0 लखनऊ।

समाज कल्याण अनुभाग-4 लखनऊः दिनांकः 06 फरवरी, 2025

विषय- छत्रपति शाहू जी महाराज शोध एवं प्रशिक्षण संस्थान, लखनऊ के संचालन हेतु स्वीकृत अस्थाई पदों की निरंतरता के संबंध में।

महोदय,

कृपया उपर्युक्त विषयक छत्रपति शाहू जी महाराज शोध एवं प्रशिक्षण संस्थान, भागीदारी भवन गोमती नगर, लखनऊ के संचालन हेतु स्वीकृत अस्थायी पदो की निरन्तरता स्वीकृति प्रदान किये जाने के संदर्भ में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि शासनादेश संख्या-205 सी०एम०/26-3-97 -4(35)/97 दिनांकः 15-07-1997 द्वारा सृजित 25 अस्थायी पदों के सापेक्ष 23 अस्थायी पदों की अन्तिम बार निरन्तरता शासनादेश संख्या-290/26-4-2024 -10 (विविध)/2020 दिनांक 23 फरवरी 2024 तक बढाई गयी है, के क्रम में निम्नलिखित तालिका में उल्लिखित-23 अस्थायी पदों की **वित्तीय वर्ष 2025-26 (01 मार्च 2025 से 28 फरवरी 2026 तक)** की निरन्तरता बढाई जाने की श्री राज्यपाल महोदय सहर्ष स्वीकृति प्रदान करते हैं:-

| क्र0 | पदनाम | पदों की संख्या | वेतन मैट्रिक्स लेवल | पद सृजन संबंधी शासनादेश |
|---|---|---|---|---|
| 1 | संयुक्त निदेशक | 01 | लेवल- 12 | संख्या-205सीएम0/26-3-97-4(35)/97,दिनांक 15.07.1997 |
| 2 | उप निदेशक | 01 | लेवल- 11 | -तदैव- |
| 3 | लेखाधिकारी | 01 | लेवल- 10 | -तदैव- |
| 4 | छात्रावास अधीक्षक | 01 | लेवल- 6 | -तदैव- |
| 5 | वैयक्तिक सहायक ग्रेड- 2 | 01 | लेवल- 6 | -तदैव- |
| 6 | व्यवस्थापक | 01 | लेवल- 6 | -तदैव- |
| 7 | लाइब्रेरियन | 01 | लेवल- 6 | -तदैव- |
| 8 | आशुलिपिक | 01 | लेवल- 5 | -तदैव- |
| 9 | वरिष्ठ सहायक | 01 | लेवल- 5 | -तदैव- |
| 10 | सहायक लेखाकार | 01 | लेवल- 5 | -तदैव- |
| 11 | फार्मासिस्ट | 01 | लेवल- 5 | -तदैव- |
| 12 | कनिष्ठ सहायक | 02 | लेवल- 3 | -तदैव- |
| 13 | वाहन चालक | 01 | लेवल- 3 | -तदैव- |
| 14 | चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी | 04 | लेवल- 1 | -तदैव- |
| 15 | माली | 01 | लेवल- 1 | -तदैव- |
| 16 | नर्सिंग असिस्टेंट | 01 | लेवल- 1 | -तदैव- |
| 17 | चौकीदार | 03 | पद सृजत के शासनादेश दि0 15.07.1997 के अनुसार निजी सुरक्षा एजेंसी के माध्यम से | -तदैव- |
| | योग | 23 | | |

2- उक्त 23 अस्थाई पदों के पदधारकों को अनुमन्य महंगाई भत्ते देय होंगे। उक्त पदों पर पड़ने वाले व्यय भार को वित्तीय वर्ष 2025-26 में अनुदान संख्या-80 के लेखाशीर्षक-2225-अनुसूचित जातियों, अनुसूचित जनजातियों तथा अन्य पिछड़े वर्गों के कल्याण-आयोजनेत्तर-01-अनुसूचित जनजातियों का कल्याण-227-शिक्षा-18-छत्रपति शाहू जी महाराज शोध एवं प्रशिक्षण संस्थान, भागीदारी भवन गोमती नगर, लखनऊ की स्थापना" के सुसंगत मद के नामे डाला जायेगा।

भवदीय,

Signed by Chandra Kumar Mishra
Date: 06-02-2025 12:30:47

(चन्द्र कुमार मिश्र)
अनु सचिव।

<u>तद्संख्या एवं तददिनांक</u>

प्रतिलिपिः- निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1- महालेखाकार (लेखा एवं हकदारी प्रथम), प्रयागराज, उ0प्र0।
2- जिलाधिकारी/जिला समाज कल्याण अधिकारी, लखनऊ।
3- कोषाधिकारी, जवाहर भवन, लखनऊ।
4- नियोजन अनुभाग-3।
5- वित्त (व्यय-नियंत्रण) अनुभाग-4।
6- संयुक्त निदेशक, छत्रपति शाहू जी महाराज शोध एवं प्रशिक्षण संस्थान, भागीदारी भवन गोमती नगर, लखनऊ ।
7- कार्यालय आदेश-पुस्तिका।

आज्ञा से,

(चन्द्र कुमार मिश्र)
अनु सचिव।